आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 22.01.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए कल होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी, पोलिंग पार्टियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जा रहा है।
- प्रदेश में यूसीसी पोर्टल की आधिकारिक शुरूआत से पहले इसकी संचालन क्षमता को परखने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने विभागों को केंद्र सरकार द्वारा जारी गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की आज 10वीं वर्षगांठ है।

**राज्य निर्वाचन आयुक्त**

प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए कल होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बीच, राज्य के विभिन्न मतदान केंद्रों पर आज पोलिंग पार्टियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना किया जा रहा है। वहीं, राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने देहरादून में निकाय चुनाव के लिए मतदान और मतगणना की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा–निर्देश दिए। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कार्मिकों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों के प्रस्थान स्थलों पर भी स्टॉल लगाया जाएं।

**अवका[illegible]ा**

प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए कल मतदान के दिन सभी सरकारी, गैर सरकारी और निजी संस्थानों में अवकाश रहेगा। शासन ने इसके आदेश जारी कर दिये हैं। आदेश में 23 जनवरी को पूरे प्रदेश के सभी राजकीय कार्यालयों शिक्षण संस्थानों, अर्द्ध शासकीय संस्थान, निगम,

परिषद वाणिज्य और निजी प्रतिष्ठानों में कर्मियों को सवेतन अवकाश दिया जाएगा। इस दौरान सभी बैंक, कोषागार और उपकोषागार भी बंद रहेंगे।

## यूसीसी मॉक ड्रिल

प्रदेश में समान नागरिक संहिता– यूसीसी पोर्टल के आधिकारिक लॉन्च से पहले इसकी संचालन क्षमता को परखने के लिए मॉक ड्रिल किया गया।

सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी– आईटीडीए की ओर से आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान 3 हजार 500 से अधिक डमी प्रविष्टियों का पोर्टल पर पंजीकरण किया गया और लगभग 200 डमी आवेदनों पर कार्रवाई की गई। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य यूसीसी पोर्टल की लॉन्चिंग से जुड़े तकनीकी अवरोधों और संचालन से जुड़ी चुनौतियों की पहचान करना था, जिसे अभ्यास के दौरान सफलतापूर्वक प्राप्त किया गया। अभ्यास के दौरान नागरिक मॉड्यूल, विशेष रूप से आधार–सक्षम पंजीकरण प्रक्रिया में, कुछ मामूली तकनीकी समस्याएं आईं। इसके अलावा, कुछ क्षेत्रों में पंजीयक और उप–पंजीयक उपयोगकर्ता खातों के बीच मैपिंग में त्रुटियां देखने को मिलीं। आईटीडीए ने इन समस्याओं का संज्ञान लेकर उनके समाधान के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही, समय पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त उपाय भी लागू किए जा रहे हैं। उत्तराखंड यूसीसी पोर्टल नागरिकों के लिए सेवाओं को सुगम बनाने और राज्यभर में उनकी पहुंच को बेहतर बनाने के लिए तैयार गया है। जन सुविधा केंद्र स्तर पर मॉक ड्रिल का आयोजन आगामी 24 जनवरी को किया जाएगा।

## राश्ट्रीय खेल

प्रदेश में 28 जनवरी से शुरू होने जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। राष्ट्रीय खेलों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए सरकार का प्रचार अभियान जारी है। इसके लिए राज्य में मशाल यात्रा निकाली जा रही है। वहीं, देशभर के राष्ट्रीय खिलाड़ी और स्टेट आइकन भी इन खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने में जुटे हैं।

## अतुल्य गंगा अभियान

अतुल्य गंगा अभियान के तहत प्लास्टिक मुक्त गंगा के उद्देश्य से उत्तरकाशी से महाकुंभ प्रयागराज के लिए सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों का 10 सदस्यीय दल रवाना हुआ। 31 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान के संयोजक, एवरेस्ट विजेता विष्णु सेमवाल ने बताया कि दल 11 दिन में साइकिल से देवप्रयाग, ऋषिकेश, नरोरा और कानपुर होते हुए 1 हजार

150 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी अभियान को पिछले कई वर्षों से चला रहे हैं।

**मुख्य सचिव बैठक**

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में सचिवालय में उत्तराखण्ड राज्य में औद्योगिक उत्पादों के मानकीकरण और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को केंद्र सरकार द्वारा जारी गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड राज्य की खरीद नीति, 2017 को भारतीय मानकों के अनुरूप संशोधित किया जा रहा है। इसके साथ ही, सरकारी विभागों को भारतीय मानक ब्यूरो से प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया। मुख्य सचिव ने राज्य की भवन उपनियम को भी भारतीय मानकों के अनुरूप बनाने के निर्देश दिए।

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ**

बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की आज 10वीं वर्षगांठ है। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने कहा है कि नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारी, विद्यार्थी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल होंगी। इस योजना की 10वीं वर्षगांठ पर समारोह आज से 8 मार्च तक जारी रहेगा और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इसका समापन होगा। केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में सुकन्या समृद्धि योजना में चार करोड से अधिक खाते खोले गए हैं। यह योजना बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान के अंतर्गत 22 जनवरी 2015 को शुरू की गई थी। इस योजना पर वर्तमान में आठ दशमलव दो प्रतिशत की दर से ब्याज दिया जा रहा है। आज सुकन्या समृद्धि योजना के भी दस वर्ष पूरे हो रहे हैं।

**क्षय रोगी**

ऊधमसिंह नगर जिले में मोबाइल वैन से क्षय रोगियों का पता लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार शर्मा और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार ने वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि वैन में टीबी नियंत्रण कार्यक्रम के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि वैन के जरिये जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में आशा, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और एएनएम की सहायता से स्वास्थ्य

शिविर लगाए जाएंगे। शिविर में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर टीबी के संभावित मरीजों की बलगम और एक्सरे जांच की जाएगी और रोगियों का नियमानुसार इलाज किया जाएगा।

**मॉक ड्रिल**

रुद्रप्रयाग जिले में गुलदार और भालू की संवेदनशीलता के मद्देनजर मध्यप्रदेश के वन्य जीव विशेषज्ञ विवेक पगारे और उनकी टीम ने अगस्त्यमुनि के स्यालसौड़ में वन कर्मियों को प्राशिक्षण दिया। इस दौरान सफल रेस्क्यू के तरीके बताये गए और खुद की सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई। इसके अलावा मॉक ड्रिल के दौरान उपयोग में लाये जा रहे उच्च तकनीक के उपकरणों की जानकारी दी गई। उप वनाधिकारी देवेन्द्र पुण्डीर ने आम जनमानस को गुलदार से सुरक्षा के लिए घरों के चारों ओर झाडियाँ न होने, प्रकाश की समुचित व्यवस्था बनाये रखने और देर शाम या रात्रि में कम विचरण करने सहित अन्य कई सावधानी बरतने को कहा है। उन्होंने गुलदार दिखायी पड़ने पर वन विभाग को सूचित करने की अपील की है।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने चमोली, रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, पौड़ी, टिहरी, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और देहरादून जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की भी संभावना है। वहीं, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में कोहरा छाया रह सकता है। विभाग के अनुसार 23 जनवरी को भी यही स्थिति बनी रहेगी।

**पीएम सूर्यधर योजना**

पीएम सूर्यघर योजना में लगातार चौथे साल उल्लेखनीय प्रदर्शन पर उत्तराखंड पावर कारपोरेशन– यूपीसीएल को केंद्रीय नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा मंत्रालय की ओर से पुरस्कृत किया गया है। जयपुर में आयोजित क्षेत्रीय समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यूपीसीएल के एम.डी अनिल कुमार यादव को यह पुरस्कार प्रदान किया। श्री यादव ने बताया कि योजना के तहत उत्तराखंड में अब तक 14 हजार से अधिक घरों के ऊपर सोलर रूफ टॉप स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे करीब 50 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। वहीं, पीएम सूर्य घर योजना में

राज्य को पुरस्कार मिलने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ये योजना परंपरागत ऊर्जा के स्रोतों पर निर्भरता कम करते हुए लोगों की आर्थिकी संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।